दिन—शुक्रवार दिनांक— 10 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना आज जारी हो गयी है। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। पहले चरण में छह नवंबर को पटना, दरभंगा, मधेपुरा, सहरसा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा, नालंदा, बक्सर और भोजपुर जिले की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा। नामांकन की अंतिम तिथि सत्रह अक्तूबर तक निर्धारित है। अठारह अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं, बीस अक्तूबर तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने नामांकन केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिये हैं। नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ केवल तीन वाहन और प्रस्तावक सहित अधिकतम पाँच व्यक्ति ही जा सकेंगे। पूरी नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी।

———————————————————————

विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत अंतिम दौर में पहुंच गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नित्यांनद राय ने आज नई दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान से मुलाकात की। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि एनडीए में सब कुछ सकारात्मक है। अच्छे ढंग से बातचीत चल रही है और जल्द ही सीटों की घोषणा कर दी जायेगी। इस बीच, जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि एनडीए के पांचों घटक दल पूरी तरह एकजुट हैं। कोई नाराज नहीं हैं। जल्द ही सीटों का भी बंटवारा हो जायेगा। वहीं, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने कहा कि वे मजबूती के साथ एनडीए के साथ हैं। इससे पहले आज सुबह भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े और पार्टी के वरिष्ठ नेता ऋतुराज सिन्हा ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाह के आवास पर जाकर उनसे बातचीत की। इस दौरान मुख्य रूप से सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा की गयी। इधर, आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्मंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर भाजपा और जदयू नेताओं की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, वरिष्ठ नेता ललन सिंह और विजय चौधरी मौजूद थे। भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और पार्टी के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी इस बैठक में शामिल हुये।

———————————————————————

महागठबंधन के घटक दलों के बीच भी सीटों के बंटवारे को लेकर अब तक सहमति नहीं बन सकी है। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने गतिरोध को समाप्त करने के लिए कल रात विकासशील इंसान पार्टी अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ बातचीत की। सीपीआई और सीपीएम के राष्ट्रीय महासचिव भी सीट बंटवारे के मुद्दे को सुलझाने के लिए पटना में हैं। आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बीच भी सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत होने की सम्भावना है। इस बीच, राष्ट्रीय जनता दल संसदीय समिति की बैठक पटना में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर हो रही है। बैठक में सीट शेयरिंग सहित उम्मीदवारों के चयन पर अंतिम फैसला होने की उम्मीद है।

———————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण वाले एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आज अंतिम दिन है। निर्वाचन आयोग के अनुसार चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि से दस दिन पहले तक मतदाता सूची में पंजीकरण करवाया जा सकता है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा बारह वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से कोई भी एक दिखाकर मतदाता मतदान कर सकते हैं। इन पहचान पत्रों में आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस और बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक शामिल हैं। आयोग ने कहा है कि लगभग शत–प्रतिशत मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं। आयोग ने यह भी बताया कि उसने सभी मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वे मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर नए मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र प्रदान करना सुनिश्चित करें।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के बड़ेम थाना अंतर्गत सोन नद में नाव पलटने से छह लोग डूब गये। इनमें से दो शवों को निकाल लिया गया है। अन्य की तलाश जारी है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।